# पाठ 1. पौधों में पोषण

## अध्याय -समीक्षा

- सूर्य सभी सजीव प्राणियों के लिए ऊर्जा का चरम स्रोत है |
- हरे पौधों में भोजन संश्लेषण की प्रक्रिया सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में होता है जिसे प्रकाश संशलेषण कहते है |
- पत्तियों में एक हरा वर्णक होता है जिसे क्लोरोफिल कहते है |
- क्लोरोफिल सूर्य के प्रकाश की ऊर्जा को ग्रहण करने में सहायता करते है |
- कार्बन-डाइऑक्साइड एवं जल प्रकाश संश्लेषण के लिए कच्चे माल का कार्य करते है |
- ऑक्सीजन जो सभी सजीव प्राणियों के जीवन की उत्तरजीविता के लिए आवश्यक है प्रकाश संश्लेषण की क्रिया के दौरान बनता है |
- पौधें प्रकाश संश्लेषण के दौरान भोजन के रूप में कार्बोहाइड्रेट्स बनाते है |
- पत्तियों में स्टार्च (मंड) की उपस्थिति प्रकाश संश्लेषण का होना दर्शाता है|
- कार्बोहाइड्रेट्स कार्बन, हाइड्रोजन एवं ऑक्सीजन से बना होता है |
- मृदा में कुछ जीवाणु होते है जो गैसीय नाइट्रोजन को उपयोगी रूप में परिवर्तित कर देते है और इसे मृदा में छोड़ देते है |
- कीटों के भक्षण करने वाले पौधों को कीट-भक्षी पादप कहते है |
- कुछ जीव एक-दुसरे के साथ रहते है तथा आवास एवं पोषक तत्व एक-दुसरे से बाँटते है इसे सहजीवी सम्बन्ध कहते है|
- लाइकेन सहजीवी सम्बन्ध का एक उदहारण है |
- कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन, वसा, विटामिन एवं खनिज हमारे भोजन के संघटक होते है |
- हमारे शरीर के लिए भोजन के संघटक आवश्यक होते है जिन्हें पोषक कहा जाता है |

## अभ्यास :

**Q1. जीवों को खाध्य की आवश्यकता क्यों होती है ?**

उत्तर : जीवों को खाध्य की आवश्यकता निम्न कारणों से होती है :

(i) काम करने के लिए उर्जा की आवश्यकता होती है |

(ii) शरीर निर्माण के लिए |

(iii) शरीर के टूट-फुट की मरम्मत के लिए |

(iv) कोशिकाओं को नियमित उर्जा प्रदान करने के लिए |

**Q2. परजीवी एवं मृतजीवी में अंतर स्पष्ट कीजिये |**

उत्तर:

परजीवी :

(i) ये अपना भोजन अन्य जीवों से प्राप्त करते हैं |

(ii) परजीवी समान्यत: परपोषी के शरीर के ऊपर या भीतर रहते हैं |

मृतजीवी :

(i) मृतजीवी अपना पोषण जीवो के मृत और सड़े-गले जेविक पदार्थों से प्राप्त करते है|

(II) मृतजीवी मृत और सड़े-गले पदार्थों के ऊपर रहते है|

**Q3.आप पती में मंड (स्टार्च) की उपस्थित का परिक्षण कैसे करेगे?**

उत्तर- (i) पातियो पर आयोडीन बिलियन की बूंदे गिराकर हम मंड की उपस्थित का परीक्षण कर सकते है|

(ii) जब आयोडीन बिलियन मंड **(स्टार्च)** के संपर्क में आता है तो एक गहरा नीला रंग नागेर आता है |

**Q4. हरे पादपो में खाघ संश्लेषण प्रक्रम का संक्षिप्त बिवरण दीजीए |**

उत्तर - (i) पादपो में खाघ संश्लेषण प्रकाश संश्लेषण की क्रीया दवारा संपन्न होता है |
(ii) प्रकाश संश्लेषण के दोरान पती की क्लोरोफिल यूक्त कोशिकायें, सूर्य के प्रकाश की उपस्थित में कार्बन डाइऑक्साइड एवं जल से कार्बोहाइड्रेट का संश्लेषण करती है

**Q5. किसी प्रवाह चित्र की सहायता से द्रशाइए की पादप भोजन के मूलभूत स्त्रोत है |**

चित्र 1.2 पादप के मूलभूत स्त्रोत है |

**Q6. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -**

(क) क्योंकि हरे पादप अपना खाध स्वंय बनाते है, इसलिए उन्हें ........................कहते है |

(ख)पादपो द्वारा संश्लेषित खाध का भंडारन ......................के रूप में किया जाता है |

(ग) प्रकाश संश्लेषण के प्रक्रम में जिस वर्णक द्वारा सौर ऊर्जा संग्रहित की जाती है |उसे .,................ कहते हैं |

(घ) प्रकाश संश्लेषण में पादप  वायुमंडल से .....................लेते है तथा ............का उत्पादन करते है

उत्तर-

(क) स्वपोषी

(ख) मंड

(ग) क्लोरोफिल

(घ) कार्बन डाइऑक्साइड

**Q7. निम्न कथनों से संबद परिभाषित शब्द बताइंए :**

(क) पीत दुर्बल तने वाला परजीवी पादप |

(ख) एक पादप जिसमे स्वपोषन एवं विषमपोशी दोनों ही प्रणाली पाई जाती है |

(ग) वे रंध्र जिनके द्वारा पतियो में गैसों का आदान-प्रदान (विनिमय) होता है |

उत्तर-

(क) अमरबेल

(ख) घटपर्णी

(ग) पर्णरंध्र

**Q8. सही उत्तर पर (tick) का चिन्ह लगाइए :**

**(क) अमरबेल उदहारण है किसी**

(i) स्वपोषी का |

(ii) परजीवी का |

(iii) मृत जीवी का |

(iv) परपोषी का |

**(ख) किटो को पकरकर अपना आहार बनाने वाले पादप का नाम हैं :**

(i) अमरबेल

(ii) गुडहल

(iii) घटपर्णी (पिचर पादप)

(iv) गुलाब

उत्तर-

(क) (ii) परजीवी का

(ख) (iii) घटपर्णी (पिचर पादप)

**Q9. कालम A में दीए गए शब्दों का मिलान कालम B के शब्दों से कीजीए |**

| **कालम A** | **कालम B** |
|---|---|
| (क) क्लोरोफिल | (i) जीवाणु |
| (ख) नाइट्रोजन | (ii) परपोषीत |
| (ग) अमरबेल | (iii) घटपर्णी |
| (घ) जंतु | (iv) पति |
| (ड) कीटभक्षी | (v) परजीवी |

उत्तर-

(क)-(iv), (ख)-(i) (ग)-(v) ,(घ)-(ii) (ड)-(iii)

**Q10. निम्न कथनों में से सत्य एव असत्य कथनों का चयन कीजिए |**

(क) प्रकाश संश्लेषण में कार्बोन डाइऑक्साइड मुक्त होती है |

(ख) ऐसे पादप, जो अपना भोजन स्वंय संशालेषित करते है, मृतजीवी कहलाते है |

(ग) प्रकाश संशलेषण का उत्पाद प्रोटीन नहीं है |

(घ) प्रकाश संश्लेषण में सौर ऊर्जा क रासायनिक ऊर्जा में रूपांतरण हो जाया है |

उत्तर-

(क) असत्य

(ख) असत्य

(ग) सत्य

(घ) सत्य

सही विकल्प चूनिए-

**Q11. पादप के किस भाग दवार प्रकाश संश्लेषण हेतु वायु से कार्बोन डाइऑक्साइड ली जाती है ?**

(क) मूल रोम (ख) रंध्र

(ग) पर्णशिराए (घ) बहरादल

उत्तर- (ख) रध्र

**Q12. वायुमंडल से मुख्यत: जिस भाग दवारा पादप कार्बोन डाइऑक्साइड प्राप्त करते है, वह है-**

(क) जर (ख) तना

(ग) पुष्प (घ) पत्तियों

उत्तर- (घ) पत्तियों